DR. BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERSITY, AGRA
(Formerly Agra University, Agra)

Internal Quality Assurance Cell (IQAC)
Khandari Campus, Agra-282002 (INDIA)
E-mail iquacdrbrau@gmail.com

Ref. No. IQAC/153/21

Date : 15/2/2021

Report of one day workshop on NEP-2020

आज दिनांक 15.02.2021 को आई0ई0टी0 व आई0क्यू0ए0सी0 द्वारा संयुक्त रूप से **"NEP-2020 : Transforming the Regulatory System of Higher Education"** पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के जे0पी0 सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय से सम्बद्ध आवासीय संस्थान, राजकीय महाविद्यालय, सहायता प्राप्त महाविद्यालय (Aided) व स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यों व कॉर्डिनेटरों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मा0 कुलपति जी, **प्रो0 अशोक मित्तल**, अपर प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, **श्रीमती मोनिका एस0 गर्ग**, राज्य कॉर्डिनेटर, नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, **प्रो0 हरे कृष्णा**, निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0, **प्रो0 अजय तनेजा**, व निदेशक, आई0ई0टी0 **प्रो0 वी0के0 सारस्वत**, द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्रीमती मोनिका एस0 गर्ग द्वारा बताया गया कि नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति मानवीय मूल्यों, नैतिक मूल्यों, सतत् विकास, स्वच्छता व पोषण पर आधारित है। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालयों के प्राचार्यों व कोर्डिनेटरों की शंकाओं का समाधान भी मुख्य अतिथि श्रीमती मोनिका एस0 गर्ग द्वारा किया गया।

प्रो0 हरे कृष्णा जी द्वारा बताया कि नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति में यदि छात्र–छात्राओं द्वारा अध्ययन के दौरान, उनकी शिक्षा छूट जाती है और वह पढ़ना चाहता है, तो पुनः उसी कक्षा में प्रवेश लेकर अपनी शिक्षा को पूर्ण कर सकता है तथा नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति, छात्र–छात्राओं को कौशल विकास से जोड़ने व रोजगार देने में सहायक होगी। श्री हरे कृष्णा द्वारा नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर उ0प्र0 सरकार द्वारा उसके क्रियान्वन व प्रचार–प्रसार के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम का समापन प्रो0 अजय तनेजा, निदेशक, आई0क्यू0ए0सी0 द्वारा उपस्थित अतिथियों, प्राचार्यों व कॉर्डिनेटरों का धन्यवाद देकर किया गया।

15/2/2021

(प्रो0 अजय तनेजा)
निदेशक / सदस्य–सचिव
आई0क्यू0ए0सी0